# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# टीम ने किया मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण

**निरीक्षण**

## ओवरेटिंग पाए जाने पर किया 4 मेडिकल स्टोरों का चालान

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना वायरस कोविड–19 के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव को लेकर जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी सदर के नेतृत्व में जिला पूर्ति अधिकारी, बाट माप निरीक्षक एवं ड्रग इन्सपेक्टर की संयुक्त टीम ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों तहसील चौक, चकराता रोड आदि स्थानों में सेनेटाईजर तथा मास्क का विक्रय नियंत्रित रखने हेतु 20 मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 4 मेडिकल स्टोर पर ओवरेटिंग पाये जाने पर टीम द्वारा मौके पर ही चालान किया गया तथा समस्त मेडिकल स्टोर के संचालकों को मास्क तथा सेनेटाइजर का विक्रय आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत् निर्धारित मूल्य पर किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। संयुक्त टीम द्वारा आढत बाजार तथा मण्डी परिसर में संचालित 15 दुकानों का भी औचक निरीक्षण किया गया।



मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण करते टीम।

इसके अलावा संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न तहसीलों में निरीक्षण के दौरान कालसी में 25, मसूरी में 14,डोईवाला में 15, विकासनगर में 64 ऋषिकेश में 16 कैमिस्ट की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार टीम द्वारा देहरादून निरंजनपुर मण्डी में औचक निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था एवं खाद्य रसद प्रयाप्त पायी गयी। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा खाद्य पदार्थों की दुकानों पर अनिवार्य रूप से रेट लिस्ट चस्पा करने के भी निर्देश सम्बन्धित व्यापारियों को दिये गये।

जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में एफआरआई की मांग पर संस्थान को 200 किलो चावल, 240 किलो आटा, 90 किलो दालें, 50 किलो चीनी, 100 लीटर खाद्य तेल आदि के साथ ही अन्य आवश्यक दैनिक उपयोगी सामग्री जैसे चायपत्ती, मसाले, वाशिंग पाउडर,साबुन, बाथिंग सोप, दूध, 300 किलो आलू, 300 किलो प्याज, 50 किलो टमाटर, 5 किलो लहसुन, अदरक पत्तागोभी, फूलगोभी, मूली, धनिया, 20 किलो सेब एवं 20 किलो किन्नू उपलब्ध कराये गये, जिसे एफआरआई के सुरक्षा अधिकारी श्याम सिंह चौहान को सुपुर्द किया एवं संस्थान के 73 उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंण्डर भी उपलब्ध कराये गये।

कोरोना वायरस कोविड–19 के संक्रमण के कारण एफआरआई परिसर देहरादून को लॉक डाउन किया गया है, जिस कारण एफआरआई परिसर में निवास करने वाले उत्तराखण्ड बोर्ड की परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों की दिनांक 21,23,24 एवं 25 मार्च 2020 को आयोजित होने वाली परिषदीय परीक्षा–2020 पुनः पृथक से आयोजित की जायेगी।

## न्यूज डायरी

### आवश्यक सेवाएं नहीं रहेंगी बंद

**संवाददाता** पौड़ी। जनता कर्फ्यू पर पौड़ी के डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया है कि आश्यक सेवाएं बंद नहीं है। जिले में अस्पताल, बिजली, पानी जैसी सभी आवश्यक सेवाएं पहले की भांति बहाल ही रहेगी। जनता की ओर से बंद है लिहाजा बाजार, यातायात आदि सभी कुछ बंद रहेगा। बंद को लेकर इससे पूर्व एसडीएम और थानों की बैठक करने को भी कहा गया था ताकि प्रधानमंत्री के आह्वान को लेकर सूचना सभी को मिल सके और शांतिपूर्ण बंद रहे। डीएम ने बताया है कि जिले में सभी आवश्यक सेवाएं संचालित होगी। इन पर कोई असर नहीं होगा। अधिक से अधिक लोगों को घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की गई है ताकि कोरोना वायरस के संक्रमण को सभी योगदान दे।

### कोरोना से नेशनल गेम्स की प्रैक्टिस पर असर

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस के चलते नेशनल गेम्स की तैयारियों को भी झटका लगता नजर आ रहा है। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून में अवकाश घोषित है। इससे खिलाड़ी मैदान पर पसीना बहाने के बजाय कई दिनों से घर पर कैद होने को मजबूर हैं। खिलाड़ियों की प्रैक्टिस छूटने से उनमें खासी निराशा नजर आ रही है। हालांकि, उन्होंने स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए इसे जरूरी भी बताया। उत्तराखंड में 2021 में नेशनल गेम्स प्रस्तावित हैं। प्रदेश में आयोजन होने के कारण जाहिर तौर पर यहां के खिलाड़ियों पर मैडल जीतने का भी अधिक दबाव रहेगा। इसके लिए कई खिलाड़ी लंबे समय से कड़ी प्रैक्टिस कर रहे हैं और मेडल जीतने के लिए खूब पसीना बहा रहे हैं। लेकिन, कोरोना वायरस के चलते स्पोर्ट्स कॉलेज को 31 मार्च तक बंद कर दिया गया। खिलाड़ियों को घर भेज दिया गया।

### पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस के मद्देनजर कोतवाली पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। पुलिस ने क्षेत्र के होटलों को खाली कराने के साथ बार्डर सीलिंग की कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने हिमाचल प्रदेश के बार्डर कुल्हाल और डाकपत्थर पर विदेशी पर्यटकों के उत्तराखंड में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रभारी कोतवाल गिरीश नेगी ने बताया कि रविवार को प्रस्तावित जनता कर्फ्यू के मद्देनजर तैयारी पूरी कर ली गई है। बार्डर सील कर दिए गये हैं। बाहरी राज्यों या विदेशों से आने वाले संदिग्ध पर्यटकों को बिना स्वास्थ्य परीक्षण के प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है।

# विस उपाध्यक्ष ने जनता कर्फ्यू को सफल बनाने की अपील की

**अपील**

अल्मोड़ा। **संवाददाता**

कोरोना संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु जनपद स्तर पर की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी देने हेतु कलैक्ट्रेट सभागार में विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान व जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने संयुक्त रूप से एक प्रेसवार्ता की। विधानसभा उपाध्यक्ष ने सभी लोगों को 22 मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा किये गये आह्वान पर जनता कर्फ्यू को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने लोगो से कहा कि कोरोना वायरस धीरे–धीरे अनेक स्थानों पर फैल रहा है इसके लिए सामाजिक दूरी बनाये रखें। जब तक अति आवश्यक न हो अपने घरो से न निकलें और सर्तकता के साथ–साथ पूर्ण सावधानी बरती जाय। उन्होंने कहा कि इस वायरस से सभी लोगो को डटकर मुकाबला करने की जरूरत है। उन्होंने जिला प्रशासन से बाजार में वायरस संक्रमण से बचाव हेतु जन जागरूकता फैलाने को कहा।



प्रेस वार्ता के दौरान विधानसभा उपाध्यक्ष व डीएम।

विधानसभा उपाध्यक्ष ने अपने विधायक निधि से 10 लाख रू0 तत्काल जिलाधिकारी को कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु दिये। उन्होंने लोगो से कहा कि इसमें घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है साथ ही सर्तक रहकर सभी लोगो को इससे डटकर मुकाबला करना होगा।

# मस्जिद में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध

टिहरी **संवाददाता**।

बौराड़ी जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी बौराड़ी ने बैठक कर कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर मस्जिद परिसर में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। मस्जिद में ऊर्दू पढ़ने वाले बच्चों की 31 मार्च तक छुट्टी कर दी गई है।

जामा मस्जिद बौराड़ी कमेटी के सदर रोशन बेग के नेतृत्व में सदस्यों ने बैठक हुई। बैठक में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के मध्य नजर कई निर्णय लिए गए। कमेटी के सदर ने बताया मस्जिद में रात्रि विश्राम को पूरी तरह प्रतिबंधि त कर दिया गया। रोजाना की नमाज केवल 10 से 15 लोग ही पढ़ेंगे। बच्चों और बुजुर्गों को एहतियातन घर पर ही नमाज पढ़ने की सलाह दी गई है।

बताया मस्जिद में नमाज के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों को बंद कर दिया गया है। उन्होंने मस्जिद परिसर में आने वाले लोगों से सेनिटाइजर, हेडवास और साबुन से हाथ धोकर ही प्रवेश करने को कहा है। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों का पालन की सलाह भी दी है। बैठक में कमेटी सचिव हाजी मैहमूद हसन, शकील अहमद, परवेज, मुनव्वर हसन, मुशर्रफ अली, फरीद खान, नफीस खान, अब्दुल वक्कार आदि उपस्थित थे।

# कोरोना वायरस से बचाव के लिए लगातार प्रचार–प्रसार किया जाए

**संवाददाता**

अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए लगातार प्रचार–प्रसार किया जाए। आमजन को सामाजिक दूरी बनाकर रखने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने आमजन से सीनियर सिटीजन और 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को घर में ही रहने की सलाह देते हुए 22 मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा किये गये आह्वान पर जनता कर्फ्यू को सफल बनाने में अपना योगदान देने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को अपने अपने जनपदों में एडीएम रैंक के अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश दिये। नोडल अधिकारी सभी अस्पतालों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लें एवं जिलाधिकारी को लगातार अपडेट करते रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों को सैनेटाईज करना अत्यावश्यक है। इसके लिए जिलाधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करते हुए लगातार सैनेटाईजेशन की रिर्पोट लेते रहें। उन्होंने सभी नगर निकायों को प्रोएक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिए।

### खाद्य पदार्थों की आपूर्ति सुचारू रूप से चलती रहेः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटकों की आवाजाही को रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी संयम और सतर्कता बरतें। उन्होंने निर्देश दिए कि कोरोना का संदिग्ध पाए जाने पर गाईडलाईन प्रोटोकोल के अनुसार कार्यवाही की जाए। उन्होंने कोरोना के लक्षण पाए जाने पर 100 प्रतिशत सतर्कता बरतते हुए प्रोटोकोल के अनुसार उत्तरोत्तर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। डॉक्टर्स और मेडिकल टीम को स्वस्थ व सुरक्षित रखने हेतु पूर्ण सतर्कता बरती जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्य पदार्थों की आपूर्ति सुचारू रूप से चलती रहे इसके लिए स्थानीय व्यापार मंडलों, मंडी परिषदों आदि से सम्पर्क करते हुए व्यवस्थाएं बनायी जाएं। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि आमजन में अफरातफरी का माहौल न बने। अफवाहें फैलाने वालों के साथ सख्त कार्यवाही की जाए।

# एनएचएम प्रभारी ने लिया चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा

**संवाददाता**। हरिद्वार। राज्य सरकार की ओर से कोरोनो वायरस संक्रमण से जनसमान्य को बचाये जाने के लिए की जिला स्तर पर गठित की गयी नोडल अधिकारियों के टीम से हरिद्वार जनपद के प्रभारी एनएचएम के अपर निदेशक आलोक कुमार पाण्डेय ने सीएमओ के साथ आइसोलेशन केंद्र, क्वांरटाइन केंद्र सहित अन्य चिकित्सा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। सीएमओ ने बीएचईएल गेस्ट हाउस में बनाये गये कोरंटाइन केंद्र, मेला अस्पताल में बनाये गये आईसोलेशन वार्ड आदि के विषय में विस्तार से श्री पाण्डेय को जानकारी दी। सीएमओ ने निजि चिकित्सालयों से मिल सहयोग के तौर पर मिले चिकित्सा केंद्रो, मशीनो, स्वंय सेवियों की भी संख्या सहित जानकारी दी। इस मौके अपर जिलाधिकारी कृष्ण कुमार मिश्र, अपर चिकित्सा अधिकारी एसडी शाक्य जिला सूचना अधिकारी श्रीमती अर्चना सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।